

# पटवारियों के 411 पद मंजूर, 267 की पदस्थापना

## जिले में पटवारियों के 144 पद रिक्त होने से कार्य प्रभावित, एक पटवारी को दो से तीन हल्कों का मिला है प्रभार

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। जिले में पटवारियों की कमी के चलते राजस्व कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति यह है कि सीधी जिले में पटवारियों को 411 पद स्वीकृत हैं। इसके विरुद्ध महज 267 पटवारी पदस्थ हैं। पटवारियों की कमी के चलते एक पटवारी को दो-तीन हल्कों का प्रभार सौंपा गया है। ऐसी स्थिति में प्रभार वाले पटवारी हल्कों का कार्य सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।**



पटवारियों की कमी के चलते किसानों के साथ ही आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय के साथ सीधी जिले में पटवारी हल्कों की संख्या में बढ़ोत्तरी भी की गई है। जिले में 8 तहसीलें हैं जहां गांवों की संख्या करीब 1072 है। इतने बड़े क्षेत्र के मुकाबले केवल 267 पटवारी ही पदस्थ हैं। जबकि 144 पटवारियों के पद रिक्त पड़े हैं। कुछ पटवारी रिश्वतखोरी के चलते लोकायुक्त के शिकंजे में भी फंस चुके हैं। वहीं कुछ को कार्यालय में अटैच किया गया है। पिछले कई माह से पटवारियों की कमी की समस्या बनी हुई है। विडम्बना यह है कि जिला स्तर से उक्त समस्या की जानकारी राज्य सरकार को भेजी जाती है फिर भी शासन स्तर से पटवारियों की कमी को पूरा करने के लिए वैकेंसी निकालने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। शासन द्वारा आवश्यक संख्या में पटवारियों की भर्ती नहीं की जाती। कई सालों बाद पटवारियों की काफी कम संख्या में वैकेंसी निकालकर भर्ती की जाती है। इसी वजह से पटवारियों की कमी पूरी नहीं होती। पूरी संख्या में भर्ती करने की बजाय प्रदेश सरकार से जब कभी भर्ती होती भी है तो उसकी संख्या दर्जन भर से ज्यादा एक जिले में नहीं रहती। जिसके चलते पटवारियों की कमी आवश्यकता के अनुसार कई सालों से बनी हुई है।

### इन कार्यों के लिए पटवारी की खास जरूरत

पटवारियों के जिम्मे कई प्रमुख कार्य होते हैं। खासतौर से किसानों को अपना किसान सम्मान निधि में पंजीयन कराने, कृषि भूमि की नकल निकलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पटवारी की टीप लगवाने, जाति प्रमाणपत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र, गिर्दवारी, प्राकृतिक आपदा के दौरान रिपोर्ट, छात्रवृत्ति के लिए जाति, आय प्रमाणपत्र, खतौनी, बंटवारा, पुल्ली फांट, नामांतरण आदि कामों के लिए पटवारी की सबसे ज्यादा जरूरत रहती है। स्थिति यह है कि पटवारियों के न मिलने से सामान्य बारिसाना नामांतरण तक के प्रकरण समय पर नहीं निपट रहे हैं।

### इनका कहना है

जिले में पटवारियों के कई पद रिक्त पड़े हैं। इसकी जानकारी समय-समय पर शासन को भेजी जाती है। रिक्त पदों की पूर्ति शासन स्तर से ही हो सकती है। जिले में जो पटवारी हैं उन्हें अन्य हल्कों का प्रभार सौंपा गया है।

**मुनेन्द्र तिवारी, प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा सीधी**

# कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से न रहे वंचित : विकास

## जिले में 1.92 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक, तैयारियों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित कर 28 जून से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिले का 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।**



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश है,लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दो बूंद पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत एवं नगरीय निकाय विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए। साथ ही व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित कर अभिभावकों को बच्चों को पोलियो बूथ तक लाने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया। कलेक्टर विकास मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी बूथों पर पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार खरे ने बताया कि जिले में इस बार 1 लाख 92 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान तीन दिनों तक संचालित होगा। इसके अतिरिक्त बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य प्रमुख आवागमन स्थलों पर 29 ट्रांजिट टीमें तैनात रहेंगी, ताकि यात्रा के दौरान भी कोई बच्चा खुराक से वंचित न रहे। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे 28 जून रविवार को अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं।

# एनएसयूआई ने कन्या महाविद्यालय में सिखाए आत्मरक्षा के गुर

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। छात्राओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में एनएसयूआई द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं ने भाग लेकर आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सीखे। इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो.देवेन्द्र सोनी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक छात्रा के लिए आत्मरक्षा का ज्ञान आवश्यक है, जिससे वह किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सके। मुख्य अतिथि मानिंद शेर अली खान ने छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए तथा नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा केवल सुरक्षा का माध्यम नहीं बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का भी महत्वपूर्ण साधन है। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों की रक्षा एनएसयूआई की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई केवल छात्र राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों की हर समस्या में उनके साथ खड़ी रहती है।

उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा जैसे कार्यक्रम छात्राओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। जिलाध्यक्ष एनएसयूआई सौरभ सिंह चौहान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन जीडीसी प्रभारी अभिमन्यु सिंह एवं कोमल सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गणेश स्कूल पड़रा में बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत, छुट्टियों के बाद लौटी रौनक

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। गर्मी की छुट्टियों के बाद सोमवार को गणेश स्कूल पड़रा में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। विद्यालय के पहले दिन प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।**




विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बच्चों व अभिभावकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। छात्र-छात्राओं ने अपने मित्रों और शिक्षकों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर इन खास पलों को यादगार बनाया। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों और गेम्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण मिरर ऑन द गेमष् रहाए जिसमें बच्चों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान बलून लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया। गुब्बारों के माध्यम से निकाले गए लकी विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। उपहार पाकर बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी और पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि नए सत्र के पहले दिन इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के मन से छुट्टियों के बाद स्कूल आने की झिझक को दूर करना और उन्हें आनंदमय एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करना है। विद्यालय परिवार के स्नेहपूर्ण प्रयासों ने पहले दिन को सभी विद्यार्थियों के लिए यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स, प्राइमरी कॉर्डिनेटर रेखा शर्मा एवं प्री-प्राइमरी कॉर्डिनेटर कोमल बाधवानी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# आदित्य बिड़ला में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आदित्य बिड़ला हायर सेकेण्ड्री स्कूल आदित्य विहार सीधी में भव्य एवं प्रेरणादायी योग शिविर का आयोजन किया गया।**



इस वर्ष विद्यालय के लिए यह अवसर विशेष रूप से गौरवपूर्ण रहा, क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय का चयन योग दिवस के संकुल स्तरीय आयोजन हेतु किया गया, जिसके अंतर्गत संकुल प्राचार्य शशिभूषण तिवारी उनके साथी शिक्षक, किरण एस.पटेल प्राचार्य आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल तथा अन्य विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी भी योग साधना के लिए आदित्य बिड़ला हायर सेकेण्ड्री स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं तथा अन्य विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। विद्यालय के खेल शिक्षक प्रकाश प्रजापति के निर्देशन में आयोजित योग शिविर में प्राणायाम, ध्यान तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी शिक्षक अजय कुमार ने किया। योगाभ्यास के दौरान शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने में योग की महत्ता तथा विभिन्न आसनों से संबंधित आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी।

# भीमसेन सिंह बने कांग्रेस पूर्व अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज



सीधी 22 जून। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देशन तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल, संगठन महामंत्री संजय कामले, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आर्यन ठाकुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बघेल की सहमति से सेवानिवृत्त विद्युत विभाग कर्मचारी भीमसेन सिंह को पूर्व अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला सीधी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान द्वारा भोपाल से जारी की गई। नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं एवं संगठन पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए भीमसेन सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह, राजेंद्र सिंह भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बघेल, संगठन महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, दिनेश पाठक, नीरेश कुशवाहा, रामसिया शुक्ला, मो. वारिस अंसारी, रविनंदन पांडे, पी.एल.गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने सांसद को दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। म.प्र. शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला सीधी संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रांताध्यक्ष सी.पी.तिवारी व जिलाध्यक्ष प्रशांत जायसवाल की अगुवाई में टीईटी के परिपेक्ष्य में 22 जून को सीधी सांसद को ज्ञापन दिया गया।**



सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों की आवाज को संसद में उठाया जाकर प्रधानमंत्री एवं शिक्षामंत्री भारत सरकार से माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय पर हस्तक्षेप की मांग की गई। इस संबंध में संगठन द्वारा कहा गया कि संबंधित शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू भर्ती नियमों एवं सेवा शर्तों के अनुसार सक्षम प्राधिकारियों द्वारा विधिवत चयन प्रक्रिया के माध्यम से की गई थी, नियुक्ति के समय उनके पास निर्धारित शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएं थी तथा टीईटी उत्तीर्ण करना नियुक्ति की अनिवार्य शर्त नहीं थी इसलिए सेवा अधिकारों की सुरक्षा प्रावधान लागू होने से पूर्व सभी कार्यरत शिक्षकों की सेवाओं को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए तथा बाद में लागू की गई पात्रता शर्तों के आधार पर उनके विरुद्ध कोई प्रतिकूल कार्वाही न की जाय। संगठन द्वारा ज्ञापन देने में शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## पांच योग शिक्षक बने स्टार ऑफ द मंथ



**सीधी।** योग साधना के माध्यम से स्वस्थ समाज निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के पांच योग शिक्षकों को जिला प्रशासन ने स्टार ऑफ द मंथ सम्मान से अलंकृत किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित राज्य शासन के सामूहिक योग कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित योग शिक्षकों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतनरा के योग शिक्षक श्रवण कुमार शुक्ल, गायत्री शक्ति पीठ सीधी के योग शिक्षक प्रद्युम्न पटेल, डाइट सीधी की योग शिक्षिका सुनीता पटेल, पतंजलि योग समिति सीधी की योग शिक्षिका सुजाता मिश्रा तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम सीधी की योग शिक्षिका ब्रह्मकुमारी शैली शामिल हैं। प्रशंसा प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया कि 21 जून 2026 को आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में इन योग शिक्षकों ने जिला प्रशासन के नेतृत्व में उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन, अनुकरणीय कार्यकुशलता, समर्पण और सेवा भावना का परिचय दिया।

## शाउमावि पनवार में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सीधी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनवार में सामूहिक योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी इंद्रशरण सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरा विश्व 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाकर भारतीय संस्कृति एवं योग परंपरा का सम्मान कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है। इस अवसर पर राजेश कुमार दुबे, सुनील सिंह, महेंद्र सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक विजय द्विवेदी, डी.के. सिंह, विकास सिंह एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया।

# मृतक आश्रितों को मिलेगी अनुग्रह राशि : आलोक

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। म.प्र. नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अलोक सिंह ने बताया कि प्रदेश के नगरी निकायों के कर्मचारियों के निधन की स्थिति में उनके मृतक आश्रितों को भी शासकीय कर्मचारियों के समान मृत्यु अनुग्रह अनुदान राशि देने के निर्देश जारी हुए हैं।**

निर्देशों के अनुसार नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के मृतक आश्रितों को 1 अप्रैल 2025 से 125000 रुपये की मृत्यु अनुग्रह राशि यथावत प्रदान की जाएगी। इस अनुग्रह राशि को नगरीय निकायों के हित में नगरी प्रशासन विभाग का महत्वपूर्ण निर्णय बताया गया है। श्री सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी के साथ संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने इस फैसले के लिए नगरी प्रशासन मंत्री तथा विभागीय अधिकारियों के प्रति आभार जताया है। आभार व्यक्त करने वालों में जिला टीम एवं प्रदेश की टीम के सभी सदस्य शामिल हैं।

# जिले के संविदाकारों की बैठक आयोजित, लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। बढ़ती महंगाई और निर्माण सामग्री के लगातार बढ़ते दामों के बीच आम लोगों को किफायती दरों पर बेहतर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के संविदाकारों की एक आवश्यक बैठक विगत दिवस आयोजित की गई।**



बैठक में आवास निर्माण की लागत कम करने, गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री के उपयोग तथा कम बजट में आकर्षक एवं टिकाऊ मकान उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त बैठक श्री गणेश जन कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष गणेश साहू के नेतृत्व में आयोजित की गयी, जिसमें जिले के लगभग सभी संविदाकार जो भवन निर्माण कार्य के माध्यम से जिले में वर्षो से सेवायें दे रहें हैं मौजूद रहें। जिलाध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि बैठक में उपस्थित संविदाकारों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आमजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों में नवीन तकनीकों और संसाधनों का उपयोग किया जाएगा, जिससे कम लागत में सुंदर, सुरक्षित एवं मनमोहक मकानों का निर्माण संभव हो सके। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न करने पर भी सहमति बनी।

# समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

## कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियो को दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा ने समय-सीमा बैठक में सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करते हुए आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।**



कलेक्टर ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है इसलिए सभी शासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध रहें। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए सभी उपखंड अधिकारियों को अपने क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने तथा बालिका छात्रावासों की निगरानी महिला अधिकारियों से कराने के निर्देश दिए। संभावित कम वर्षा की परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्टर ने कृषि विभाग को किसानों के बीच व्यापक सलाह एवं जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए तथा नकली खाद एवं बीज के विक्रय में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। खाद दुकानों के माध्यम से होने वाले उर्वरक वितरण पर लगातार निगरानी रखी जाए ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। साथ ही 27 जून को बहरी में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारियां समय पर पूर्ण कर अधिकाधिक युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता बताते हुए अभियान चलाकर हैंडपंपों के आसपास किए गए अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में उन्होंने नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



# खड़ौरा में हुआ सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 22 जून। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ौरा में सफलतापूर्वक योगाभ्यास मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कृष्णलाल पयासी, विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खड़ौरा विक्रम शुक्ला, सरपंच डांगा अखिलेश जायसवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।**

इस दौरान प्राचार्य श्रीमती विजय सिंह, वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, जनशिक्षक क्षत्रमणि पाण्डेय, छात्र सांसद एवं योग प्रशिक्षक राजधर सिंह गहरवार सीएसी अमर सिंह, मंडल अध्यक्ष रामसजीवन कचेर, समाजसेवी डॉ.प्रवेश गुप्ता, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती खड़ौरा, श्री राम स्पोर्ट्स एकेडमी खड़ौरा, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी खड़ौरा, भारतीय जनता पार्टी मंडल खड़ौरा एवं ग्राम पंचायत खड़ौरा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

CMYK